केन–बेतवा लिंक परियोजना के समझौते पर हस्ताक्षर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में 22 मार्च, 2021 को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना (केन–बेतवा लिंक) के समझौता–पत्र पर हस्ताक्षर किए।

- इस परियोजना के अन्तर्गत बेतवा और मध्य प्रदेश की केन नदी को लिंक किया जाना है। केन नदी जबलपुर के पास कैमूर की पहाड़ियों से निकलकर 427 किमी उत्तर की ओर बहने के पश्चात बांदा जिले के चिल्ला गांव में यमुना नदी में मिलती है। बेतवा नदी मध्य प्रदेश के रायसेन जिले से निकलकर 576 किमी बहने के पश्चात हमीरपुर जिले में यमुना में मिलती है। छतरपुर के दौधन गांव में दोनों को जोड़कर बांध बनाया जाएगा।
- इस परियोजना से प्रति वर्ष 10.62 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई सुविधाएं, लगभग 62 लाख लोगों को पेयजल आपूर्ति और 103 मेगावाट जल विद्युत का उत्पादन होगा।
- यह परियोजना बुन्देलखण्ड क्षेत्र में जल की भयंकर कमी से प्रभावित क्षेत्रों के लिए अत्यधिक लाभकारी होगी जिसमें मध्य प्रदेश के पन्ना, टीकमगढ़, छतरपुर, सागर, दमोह, दतिया, विदिशा, शिवपुरी और रायसेन जिले तथा उत्तर प्रदेश के बांदा, महोबा, झांसी और ललितपुर जिले शामिल हैं।